**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## भारत स्काउट व गाइड का राज्य पुरस्कार समारोह आयोजित

## समाज सेवा से जुड़े कार्यों में अपनी भूमिका का विस्तार करे स्काउट-गाइड संगठन- राज्यपाल

जयपुर, 22 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि स्काउट-गाइड संगठन समाज सेवा से जुड़े कार्यों में अपनी भूमिका का विस्तार करे और स्वच्छता आंदोलन, शैक्षिक जागरूकता, ग्रामीण क्षेत्रों में कुरीतियों के निवारण एवं रूढ़ियों के उन्मूलन में सक्रिय भूमिका निभाए।

राज्यपाल श्री मिश्र बुधवार को राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड संस्था के जगतपुरा स्थित राज्य प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने आह्वान किया कि यह संगठन स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रसार करते हुए 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' के लिए कार्य करे।

राज्यपाल ने कहा कि स्काउट- गाइड सिर्फ संगठन नहीं बल्कि वह विचार है जिससे विद्यार्थियों में स्वयंसेवक के रूप में कार्य करने की भावना का प्रसार होता है। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड से युवा पीढ़ी को जो संस्कार मिलते हैं, उनसे व्यक्ति जीवन में निरंतर आगे की ओर बढ़ता है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि अगर नई पीढ़ी को बचपन से ही अच्छे संस्कारों की शिक्षा मिलती है तो उससे विद्यार्थी का ही सर्वांगीण विकास नहीं होता बल्कि इससे राष्ट्र और समाज भी सुदृढ़ होता है। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड संगठन इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों को वह प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है, जिससे वे कठिन परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए तैयार होते हैं।

राज्यपाल ने गत दस वर्ष से लगातार राष्ट्रीय स्तर की चीफ नेशनल कमिश्नर शील्ड प्रदेश को मिलने पर राजस्थान राज्य संगठन की सराहना की। उन्होंने प्रदेश में स्काउट-गाइड की संख्या 13 लाख होने और राष्ट्रीय स्तर पर 9 अवार्ड मिलने के लिए भी राजस्थान राज्य संगठन को बधाई दी। उन्होंने राज्य के 16 हजार 600 विद्यालयों में इको क्लब के माध्यम से वृक्षारोपण, सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन, खुले में शौच मुक्त जनजागृति अभियान, स्वच्छता अभियान संचालित किए जाने पर भी प्रसन्नता व्यक्त की।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में जम्बूरी आयोजन में उल्लेखनीय सहयोग के लिए प्रशासनिक अधिकारियों एवं अन्य सहयोगियों को धन्यवाद बैज और मेडल ऑफ मेरिट प्रदान किए। उन्होंने कोविड काल में एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों में उल्लेखनीय कार्य के लिए विभिन्न मण्डल के स्काउट गाइड एवं रोवर रेंजर्स को सम्मानित किया।

शिक्षा मंत्री श्री बी.डी. कल्ला ने कहा कि स्काउटिंग विद्यार्थियों को सेवा और परोपकार को परम धर्म मानकर जीवन में आगे बढ़ने की सीख देता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग प्रदेश के शैक्षिक विकास के लिए सतत कार्य कर रहा है, इसी क्रम में कोविड दौर में नियमित स्कूल नहीं जा सके तीसरी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए ब्रिज कोर्स तैयार करवाया गया है ।

राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस श्री गोपाल कृष्ण व्यास ने कहा कि युवाओं में अनुशासन एवं परिश्रम की भावना का विकास करने में स्काउट गाइड संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका है ।

स्टेट चीफ कमिश्नर श्री निरंजन आर्य ने कहा कि राजस्थान में राष्ट्रीय जम्बूरी का अभूतपूर्व और भव्य आयोजन हुआ, जिसकी सराहना पूरे देश में हुई है। उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड से जुड़ने पर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास होता है, इसलिए अधिकाधिक विद्यालयों में स्काउट गाइड गतिविधियां संचालित की जानी चाहिए।

कार्यक्रम के आरम्भ में राज्यपाल ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना और मूल कर्तव्यों का वाचन किया। इसके बाद स्काउट- गाइड ने मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी और जम्बूरी गीत तथा बैण्ड वादन प्रस्तुत किया।

समारोह में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक श्री राजेश मिश्रा सहित राज्य सरकार के अधिकारीगण, स्काउट-गाइड संस्था के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

------